## डॉ हिमांशु पाठक, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक, भाकृअनुप द्वारा भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम पर भ्रमण

भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम पर दिनांक 10 सितम्बर, 2022 को डॉ हिमांशु पाठक, सचिव (कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग) एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. नई दिल्ली द्वारा भ्रमण किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ देवेंद्र कुमार एवं केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ मनोज कुमार ने महानिदेशक महोदय का स्वागत किया। भ्रमण के दौरान निदेशक एवं संयुक्त निदेशक ने केंद्र पर चल रहे आलू अनुसंधान से संबन्धित संचालित गतिविधियों विशेषकर ऊतक संवर्धन प्रयोगशाला में आलू माइक्रो-ट्यूबर एवं माइक्रो-प्लांट के संवर्धन, संस्थान द्वारा विकसित नवीनतम उन्नत आलू प्रजातियाँ, प्रजनक बीज उत्पादन प्रणाली एवं आलू द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों के विषय में विस्तार से बताया। महानिदेशक महोदय ने केंद्र प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर डॉ ए के सिंह, उपमहानिदेशक (कृषि प्रसार) भी महानिदेशक भा.कृ.अनु.प. महोदय के साथ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे संस्थान के वैज्ञानिक डॉ विनय सिंह, डॉ ध्रुव कुमार, डॉ विजय किशोर गुप्ता, डॉ बबीता चौधरी, डॉ मेहिलाल, डॉ बन्दना तथा मुख्य तकनीकी अधिकारी अशोक कुमार, दिनेश सिंह एवं विनीत शर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

डा. हिमांशु पाठक